भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
**राज्य सभा**
**तारांकित प्रश्न सं. *127**
14/12/2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

कर्नाटक में डॉपलर मौसम राडारों की स्थापना

*127. श्री जग्गेश :

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि वर्तमान कर्नाटक के संबंध में मौसम संबंधी सभी पूर्वानुमान पड़ोसी राज्यों के राडार का उपयोग करके लगाए जा हैं;
(ख) क्या दूरी के कारण और रडार की छवि के सीमित रिज़ॉल्यूशन के कारण मौसम का सटीक पूर्वानुमान नहीं हो जाता है;
(ग) क्या राज्य में नए डॉपलर मौसम राडारों की खरीद और उनकी स्थापना के लिए कदम उठाए जा रहे हैं;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**उत्तर**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्री**
**(श्री किरेन रीजीजू)**

(क) से (ड.): विवरण सभा पटल पर रखा है।

**"कर्नाटक में डॉपलर मौसम राडारों की स्थापना" से संबंधित राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं. *127, जिसका उत्तर 14 दिसंबर, 2023 को दिया जाना है, के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

(क) जी हां। गोवा, हैदराबाद, मुंबई, वेरावली और नागपुर में स्थापित रडार आंशिक रूप से कर्नाटक राज्य को कवर कर रहे हैं।

(ख) जी नहीं। मौसम पूर्वानुमान स्व-स्थाने और रिमोट सेंसिंग प्रेक्षण प्रणालियों, दोनों का उपयोग करके किए जाते हैं। विभिन्न स्थानिक और कालिक पैमानों पर रियल टाइम मौसम पूर्वानुमान सृजित करने के लिए इन प्रेक्षण प्रणालियों के डेटा को वायुमंडलीय मॉडलों में समाहित किया जाता है। रडार प्रेक्षण प्रणाली के रिमोट सेंसिंग संघटकों में से एक है।

(ग)-(ङ) जी हां। कुछ क्षेत्र वर्तमान नेटवर्क द्वारा कवर नहीं किए गए हैं, इसलिए कर्नाटक राज्य में मेंगलुरु और बेंगलुरु में स्थापित किए जाने वाले दो और डॉपलर मौसम रडार की खरीद की जा रही है, ताकि पूरा कर्नाटक रडार नेटवर्क द्वारा कवर किया जा सके।

*****